गोविन्द मेरी यह प्रार्थना है

गोविन्द मेरी यह प्रार्थना है, भूलूँ ना मैं नाम कभी तुम्हारा,
निष्काम होके दिन रात गाऊँ, गोविन्द दामोदर माधवेति,
गोविन्द दामोदर माधवेति, हे कृष्ण हे यादव हे सखेति........

प्यारे ज़रा तो मन में विचारो, क्या साथ लाए क्या ले चलोगे,
साथी ना कोई हरि को पुकारो, गोविन्द दामोदर माधवेति,
गोविन्द दामोदर माधवेति, हे कृष्ण हे यादव हे सखेति........

नाता भला क्या जग से हमारा, आए यहाँ क्यूँ क्या कर रहे हो,
सोचो विचारो हरि को पुकारो, गोविन्द दामोदर माधवेति,
गोविन्द दामोदर माधवेति, हे कृष्ण हे यादव हे सखेति........

देहान्त काले तुम सामने हो, बंसी बजाते मन को लुभाते,
कहता यही मैं तन नाथ त्यागूँ, गोविन्द दामोदर माधवेति,
गोविन्द दामोदर माधवेति, हे कृष्ण हे यादव हे सखेति.........

https://www.bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/23772/title/govind-meri-yeh-prathna-hai

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |